# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 30.8.24 | | |

## हकृवि में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत किया पौधारोपण



विश्वविद्यालय परिसर में पौधारोपण करते कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज

जागरण संवाददाता • हिसार: चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण किया जा रहा है। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय परिसर में पौधे रोपे।

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि अभियान के तहत विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर, कालेज और बाहरी केंद्रों पर स्थित कृषि विज्ञान केन्द्रों पर भी 1500 पौधे लगाए गए। उन्होंने विद्यार्थियों और कर्मचारियों को ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाकर पर्यावरण को संरक्षित रखने और पौधों की देखभाल करने के लिए भी प्रेरित किया। कुलसचिव व लैंडस्कैप इकाई के नियंत्रक अधिकारी डा. पवन कुमार ने कहा कि पौधरोपण करते समय हमें भवनों व संस्थानों के लैंडस्कैप के अनुकूल प्रजातियों के बहु-उद्देशीय पौधों का चयन करना चाहिए।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| अजीत समाचार | 30. 8. 24 | 5 | 6-8 |


# पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए पौधारोपण ज़रूरी : प्रो. काम्बोज

## हकृवि में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित



विश्वविद्यालय परिसर में पौधारोपण करते हुए कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज।

हिसार, 29 अगस्त (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण किया जा रहा है। इसी कड़ी में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय परिसर में गुलमोहर, अमलतास व जकरांदा के पौधे रोपित किए। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने भूदृश्य संरचना इकाई द्वारा आयोजित किए गए पौधारोपण कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून 2024 को 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की शुरुआत की थी और देश के सभी नागरिकों से एक पेड़ लगाकर हमारी माताओं को सम्मान देने का आग्रह किया था। उन्होंने कहा कि हमें इस अभियान को सामाजिक अभियान के तौर पर लेना चाहिए।

इस अभियान के तहत विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर, कॉलेज और बाहरी केंद्रों पर स्थित कृषि विज्ञान केन्द्रों पर भी 1500 पौधे लगाए गए। इस अभियान के तहत पहले भी विभिन्न प्रजातियों के 8500 पौधे लगाए जा चुके हैं। विश्वविद्यालय परिसर पूरी तरह से हरियाली से ढका हुआ है। उन्होंने विद्यार्थियों और कर्मचारियों को ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाकर पर्यावरण को संरक्षित रखने और पौधों की देखभाल करने के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पेड़ पौधों का मानव जीवन में विशेष महत्व है। पेड़ पौधों से विभिन्न प्रकार की जड़ी बूटियां भी मनाई जाती हैं। कुलसचिव व लैंडस्केप इकाई के नियंत्रक अधिकारी डॉ. पवन कुमार ने कहा कि पौधारोपण करते समय हमें भवनों व संस्थानों के लैंडस्केप के अनुकूल प्रजातियों के बहु-उद्देशीय पौधों का चयन करना चाहिए तथा महत्वपूर्ण अवसरों पर अवश्य पौधारोपण करना चाहिए। इस अवसर पर विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारीगण, शिक्षक व गैर शिक्षक कर्मचारी सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सच कहूँ | 30.8.24 | 6 | 5-8 |

## पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए पौधारोपण जरूरी: काम्बोज

**हिसार(सच कहूँ न्यूज)।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया जा रहा है। इसी कड़ी में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय परिसर में गुलमोहर, अमलतास व जकरांदा के पौधे रोपित किए। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने भूदृश्य संरचना इकाई द्वारा आयोजित किए गए पौधारोपण कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून 2024 को एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरूआत की थी और देश के सभी नागरिकों से एक पेड़ लगाकर हमारी माताओं को सम्मान देने का आग्रह किया था। इस अभियान के तहत विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर, कॉलेज और बाहरी केंद्रों पर स्थित कृषि विज्ञान केन्द्रों पर भी 1500 पौधे लगाए गए। उन्होंने कहा कि पेड़ पौधों का मानव जीवन में विशेष महत्व है। कुलसचिव व लैंडस्केप इकाई के नियंत्रक अधिकारी डॉ. पवन कुमार ने कहा कि पौधरोपण करते समय हमें भवनों व संस्थानों के लैंडस्केप के अनुकूल प्रजातियों के बहु-उद्देशीय पौधों का चयन करना चाहिए तथा महत्त्वपूर्ण अवसरों पर अवश्य पौधरोपण करना चाहिए।

**चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय**

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 30.8.24 | 4 | 7-8 |

## पर्यावरण बचाने के लिए लगाएं पौधे : प्रो. कांबोज



हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय परिसर में गुलमोहर, अमलतास व जकरांदा के पौधे रोपित किए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए पौधरोपण जरूरी है। इस दौरान विवि परिसर में करीब 1500 पौधे लगाए गए। कुलसचिव व लैंडस्केप इकाई के नियंत्रक अधिकारी डॉ. पवन कुमार ने कहा कि पौधरोपण करते समय हमें भवन व संस्थान के लैंडस्केप के अनुकूल प्रजातियों के बहु-उद्देशीय पौधों का चयन करना चाहिए। संवाद

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हिन्दुस्तान समाचार | 29.08.2024 | --- | -- |

## हिसार: पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए पौधारोपण जरूरी : प्रो. बीआर कम्बोज

29 Aug 2024 17:34:31



एचएयू में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित

हिसार, 29 अगस्त (हि.स.)। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण किया जा रहा है। इसी कड़ी में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज ने सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय परिसर में गुरुवार को गुलमोहर, अमलतास व जकरांदा के पौधे रोपित किए।

कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज ने भूदृश्य संरचना इकाई द्वारा आयोजित किए गए पौधारोपण कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून को 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की शुरुआत की थी और देश के सभी नागरिकों से एक पेड़ लगाकर हमारी माताओं को सम्मान देने का आग्रह किया था। उन्होंने कहा कि हमें इस अभियान को सामाजिक अभियान के तौर पर लेना चाहिए। इस अभियान के तहत विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर, कॉलेज और बाहरी केंद्रों पर स्थित कृषि विज्ञान केन्द्रों पर भी 1500 पौधे लगाए गए। इस अभियान के तहत पहले भी विभिन्न प्रजातियों के 8500 पौधे लगाए जा चुके हैं। विश्वविद्यालय परिसर पूरी तरह से हरियाली से ढका हुआ है। उन्होंने विद्यार्थियों और कर्मचारियों को ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाकर पर्यावरण को संरक्षित रखने और पौधों की देखभाल करने के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पेड़ पौधों का मानव जीवन में विशेष महत्व है। पेड़ पौधों से विभिन्न प्रकार की जड़ी बूटियां भी मनाई जाती हैं।

कुलसचिव व लैंडस्केप इकाई के नियंत्रक अधिकारी डॉ. पवन कुमार ने कहा कि पौधरोपण करते समय हमें भवनों व संस्थानों के लैंडस्केप के अनुकूल प्रजातियों के बहु-उद्देशीय पौधों का चयन करना चाहिए तथा महत्वपूर्ण अवसरों पर अवश्य पौधरोपण करना चाहिए। इस अवसर पर विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारीगण, शिक्षक व गैर शिक्षक कर्मचारी सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

हिन्दुस्थान समाचार / राजेश्वर

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| सिटी पल्स | 29.08.2024 | --- | -- |


# पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए पौधारोपण जरूरीः प्रो. बी.आर. काम्बोज

## हकृवि में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित


विश्वविद्यालय परिसर में पौधारोपण करते कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज

**सिटीपल्स न्यूज, हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण किया जा रहा है। इसी कड़ी में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय परिसर में गुलमोहर, अमलतास व जकरांदा के पौधे रोपित किए।

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने भूदृश्य संरचना इकाई द्वारा आयोजित किए गए पौधारोपण कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून 2024 को 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की शुरुआत की थी और देश के सभी नागरिकों से एक पेड़ लगाकर हमारी माताओं को सम्मान देने का आग्रह किया था। उन्होंने कहा कि हमें इस अभियान को सामाजिक अभियान के तौर पर लेना चाहिए। इस अभियान के तहत विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर, कॉलेज और बाहरी केंद्रों पर स्थित कृषि विज्ञान केन्द्रों पर भी 1500 पौधे लगाए गए। इस अभियान के तहत पहले भी विभिन्न प्रजातियों के 8500 पौधे लगाए जा चुके हैं। विश्वविद्यालय परिसर पूरी तरह से हरियाली से ढका हुआ है। उन्होंने विद्यार्थियों और कर्मचारियों को ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाकर पर्यावरण को संरक्षित रखने और पौधों की देखभाल करने के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पेड़ पौधों का मानव जीवन में विशेष महत्व है। पेड़ पौधों से विभिन्न प्रकार की जड़ी बूटियां भी मनाई जाती हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 30.8.24 | 4 | 1-4 |

## हकृवि में राष्ट्रीय खेल दिवस पर 'फिट हिसार मैराथन' को कुलपति ने झंडी दिखाकर किया रवाना

# मेजर ध्यानचंद के जीवन से सभी प्रेरणा लें : प्रो. काम्बोज

भास्कर न्यूज़ | हिसार



कुलपति प्रो बी.आर. काम्बोज 'फिट हिसार मैराथन' को झंडी दिखाकर रवाना करते हुए।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के संसाधन प्रबंधन एवं उपभोक्ता विज्ञान के अंतिम वर्ष की छात्राओं ने राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 'फिट हिसार मैराथन' का आयोजन किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय परिसर से बतौर मुख्य अतिथि हरी झंडी दिखाकर मैराथन का शुभारंभ किया। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने उपस्थित विद्यार्थियों, खिलाड़ियों व शिक्षाविदों को कहा हॉकी के महान जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए मेजर ध्यानचंद के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस महान खिलाड़ी ने देश को उस समय तीन बार ओलंपिक खेलों में गोल्ड मेडल दिलाए, जब हमारे पास हॉकी के न तो अच्छे ग्राउंड थे और न ही अच्छी सुविधाएं। सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बीना यादव ने बताया कि 'फिट हिसार मैराथन' महाविद्यालय परिसर से आरंभ होकर हरसेक, ऑर्गेनिक फार्म, कृषि महाविद्यालय, फैकल्टी क्लब, विश्वविद्यालय गेट न. एक, ठंडी सड़क, विश्वविद्यालय गेट न. चार से होकर उपरोक्त महाविद्यालय के प्रांगण में सम्पन्न हुई। इस प्रतियोगिता में 200 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की चार श्रेणी बनाई गई। कुलसचिव डॉ. पवन कुमार, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता, डॉ. एसके पाहुजा, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता, डॉ. राजेश गेरा, अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग, मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. रमेश कुमार, छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ मौजूद रहे।

### प्रतियोगिता के ये रहे परिणाम

सतवीर सिंह प्रथम, धर्मपाल द्वितीय व सुरेंद्र तृतीय स्थान पर रहे। पुरुष वर्ग (35 वर्ष से नीचे) तरुण प्रथम, यशमीत द्वितीय व समीर ने तृतीय स्थान हासिल किया। महिला वर्ग (35 वर्ष से नीचे) सरोज प्रथम, यशिका द्वितीय तथा पूजा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में (35 वर्ष से ऊपर) अंजू ने प्रथम, कलावंती ने द्वितीय तथा डॉ. सरोज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| सच कहूँ | 30.8.24 | 6 | 7-8 |

हकृवि में राष्ट्रीय खेल दिवस पर 'फिट हिसार मैराथन' का आयोजन

# मेजर ध्यानचंद के जीवन से खिलाड़ियों को प्रेरणा लेनी चाहिए: कुलपति



फिट हिसार मैराथन को हरी झंडी दिखाते हुए कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज।

**हिसार(सच कहूँ न्यूज)।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के संसाधन प्रबंधन एवं उपभोक्ता विज्ञान के अंतिम वर्ष की छात्राओं ने राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर फिट हिसार मैराथन का आयोजन किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय परिसर से बतौर मुख्यातिथि हरी झंडी दिखाकर मैराथन का शुभारंभ किया। कुलपति प्रो बी.आर. काम्बोज ने उपस्थित विद्यार्थियों, खिलाड़ियों व शिक्षाविदों को संबोधित करते हुए कहा कि हॉकी के महान जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए मेजर ध्यानचंद के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस महान खिलाड़ी ने देश को उस समय तीन बार ओलंपिक खेलों में गोल्ड मेडल दिलाए, जब हमारे पास हॉकी के न तो अच्छे ग्राउंड थे और न ही अच्छी सुविधाएं। सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बीना यादव ने बताया कि फिट हिसार मैराथन महाविद्यालय परिसर से आरंभ होकर हरसेक, ऑर्गेनिक फार्म, कृषि महाविद्यालय, फैकल्टी क्लब, विश्वविद्यालय गेट न. एक, ठंडी सडक, विश्वविद्यालय गेट न. चार से होकर उपरोक्त महाविद्यालय के प्रांगण में सम्पन्न हुई। इस प्रतियोगिता में 200 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की चार श्रेणी बनाई गई।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक सवेरा | 30.08.2024 | --- | -- |

# हकृवि में राष्ट्रीय खेल दिवस पर फिट हिसार मैराथन का आयोजन

## कहा-मेजर ध्यानचंद के जीवन से खिलाड़ियों को प्रेरणा लेनी चाहिए



कुलपति प्रो बी.आर. काम्बोज फिट हिसार मैराथन को झंडी दिखाकर रवाना करते हुए।

सवेरा न्यूज/सुरेंद्र सोढी

हिसार, 29 अगस्त : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के संसाधन प्रबंधन एवं उपभोक्ता विज्ञान के अंतिम वर्ष की छात्राओं ने राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 'फिट हिसार मैराथन' का आयोजन किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो बी.आर काम्बोज ने सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय परिसर से बतौर मुख्य अतिथि हरी झंडी दिखाकर मैराथन का शुभारंभ किया।

कुलपति प्रो बी.आर. काम्बोज ने उपस्थित विद्यार्थियों, खिलाड़ियों व शिक्षाविदों को संबोधित करते हुए कहा कि हॉकी के महान जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए मेजर ध्यानचंद के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डा. बीना यादव ने बताया कि 'फिट हिसार मैराथन' महाविद्यालय परिसर से आरंभ होकर हरसेक, ऑर्गेनिक फार्म, कृषि महाविद्यालय, फैकल्टी क्लब, विश्वविद्यालय गेट न. एक, ठंडी सड़क, विश्वविद्यालय गेट न. चार से होकर उपरोक्त महाविद्यालय के प्रांगण में सम्पन्न हुई। इस प्रतियोगिता में 200 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की चार श्रेणी बनाई गई।

### प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे

ओल्ड एज कैटेगरी में सतबीर सिंह प्रथम, धर्मपाल द्वितीय व सुरेंद्र तृतीय स्थान पर रहे। पुरुष वर्ग (35 वर्ष से नीचे) तरुण प्रथम, यशमीत द्वितीय व समीर ने तृतीय स्थान हासिल किया। महिला वर्ग (35 वर्ष से नीचे) सरोज प्रथम, यशिका द्वितीय तथा पूजा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में (35 वर्ष से ऊपर) अंजू ने प्रथम, कलावती ने द्वितीय तथा डॉ. सरोज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर कन्या गुरुकुल डोभी के मैदान में प्रतियोगिता का आयोजन

सवेरा न्यूज/सुरेंद्र सोढी

हिसार, 29 अगस्त : राष्ट्रीय खेल दिवस के मौके पर नेहरू युवा केंद्र एवं आजाद हिंद युवा क्लब किरतान ने कन्या गुरुकुल डोभी के मैदान में संयुक्त रूप से खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया।

लंबी कूद प्रतियोगिता में धासू गांव की शिक्षा ने पहला स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार गोरखपुर की कुमकुम द्वितीय रही तथा छान की दिव्या ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर आजाद युवा क्लब के प्रधान कपूर सिंह आर्य ने बच्चों को बताया कि राष्ट्रीय खेल दिवस मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस के रूप में मनाया जाता है। वे हॉकी के महान खिलाड़ी थे जिनको लोग हॉकी का जादूगर भी कहते हैं। उन्होंने देश को कई बार ओलंपिक एशियाई खेलों में गोल्ड मेडल दिलाए और राष्ट्र का नाम ऊंचा किया। ऐसे महान व्यक्ति को आज हम याद करते हैं तो सीना गर्व से ऊंचा हो जाता है। इस आयोजन में नीतू आर्य, प्रोमील आर्य, अनीता आर्य, पूजा, दीपिका, सन्तोष, ममता, दीक्षा आर्य व अन्य मौजूद थे।



प्रतियोगिता में लंबी दौड़ लगाती छात्रा।

| | |
|---|---|
| | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय |

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| चिराग पल्स | 29.08.2024 | --- | -- |

# मेजर ध्यानचंद के जीवन से खिलाडियों को प्रेरणा लेनी चाहिए : प्रो. बी.आर. काम्बोज

## हकृवि में राष्ट्रीय खेल दिवस पर 'फिट हिसार मैराथन' का आयोजन



**चिराग टाइम्स न्यूज**

**हिसार** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के संसाधन प्रबंधन एवं उपभोक्ता विज्ञान (आरएमसीएस) के अंतिम वर्ष की छात्राओं ने राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 'फिट हिसार मैराथन' का आयोजन किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय परिसर से बतौर मुख्य अतिथि हरी झंडी दिखाकर मैराथन का शुभारंभ किया।

कुलपति प्रो बी.आर. काम्बोज ने उपस्थित विद्यार्थियों, खिलाड़ियों व शिक्षाविदों को संबोधित करते हुए कहा कि हॉकी के महान जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि खिलाडियों को आगे बढ़ने के लिए मेजर ध्यानचंद के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस महान खिलाड़ी ने देश को उस समय तीन बार ओलंपिक खेलों में गोल्ड मेडल दिलाए, जब हमारे पास हॉकी के न तो अच्छे ग्राउंड थे और न ही अच्छी सुविधाएं। उन्होंने कहा कि इस महान विभूति के जीवन से प्रेरणा लेकर हमें देश के प्रति समर्पण भावना, लक्ष्य के प्रति एकाग्रता जैसे गुणों को धारण करना चाहिए। राष्ट्रीय खेल दिवस मनाने का उद्देश्य खेल हस्तियों को सम्मानित करने, खेल गतिविधियों को दैनिक जीवन में शामिल करने के लिए लोगों को प्रेरित करना है ताकि वे स्वस्थ व निरोग रह सकें। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन न केवल खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हैं बल्कि आमजन का ध्यान खेलों की तरफ आकर्षित भी करते है। खिलाड़ियों को खेल प्रतिस्पर्धाओं में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए ताकि अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का मौका मिल सके। खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने से खिलाड़ियों का शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास होने के साथ साथ भाईचारे की भावना भी कायम होती है।

सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बीना यादव ने बताया कि 'फिट हिसार मैराथन' महाविद्यालय परिसर से आरंभ होकर हरसेक, ऑर्गेनिक फार्म, कृषि महाविद्यालय, फैकल्टी क्लब, विश्वविद्यालय गेट न. एक, ठंडी सड़क, विश्वविद्यालय गेट न. चार से होकर उपरोक्त महाविद्यालय के प्रांगण में सम्पन्न हुई। इस प्रतियोगिता में 200 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की चार श्रेणी बनाई गई।

**प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे:**

**ओल्ड एज कैटेगरी में:** सतबीर सिंह प्रथम, धर्मपाल द्वितीय व सुरेंद्र तृतीय स्थान पर रहे। पुरुष वर्ग (35 वर्ष से नीचे) तरुण प्रथम, यशमीत द्वितीय व समीर ने तृतीय स्थान हासिल किया। महिला वर्ग (35 वर्ष से नीचे) सरोज प्रथम, यशिका द्वितीय तथा पूजा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में (35 वर्ष से ऊपर) अंजू ने प्रथम, कलावंती ने द्वितीय तथा डॉ. सरोज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. पवन कुमार, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता, डॉ. एसके पाहुजा, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता, डॉ. राजेश गेरा, अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग, मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. रमेश कुमार, छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़, विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल, सम्पदा अधिकारी एवं मुख्य अभियंता डॉ. एमएस सिद्धपुरिया, सह छात्र कल्याण निदेशक डॉ. सुशील लेगा, वित्त नियंत्रक नवीन जैन, डॉ. किरण सिंह, डॉ नीलम, डॉ एकता रोहिल्ला, डॉ सन्तोष, डॉ वीनू सांगवान व डॉ सरोज यादव उपस्थित रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि · भूमि | 30.08.2024 | --- | -- |



हिसार। विजेता को पुरस्कृत करते कुलपति प्रोफेसर बीआर कम्बोज।

# मेजर ध्यानचंद के जीवन से सीख लें खिलाड़ी

- हकृवि में खेल दिवस पर 'फिट हिसार मैराथन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के संसाधन प्रबंधन एवं उपभोक्ता विज्ञान के अंतिम वर्ष की छात्राओं ने राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 'फिट हिसार मैराथन' का आयोजन किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर मैराथन का शुभारंभ किया। वीसी ने अपने संबोधित करते हुए कहा कि हॉकी के महान जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को आगे बढने के लिए मेजर ध्यानचंद के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस महान खिलाड़ी ने देश को उस समय तीन बार ओलंपिक खेलों में गोल्ड मेडल दिलाए, जब हमारे पास हॉकी के न तो अच्छे ग्राउंड थे।

## ये रहे परिणाम

ओल्ड एज कैटेगरी में सतबीर सिंह प्रथम, धर्मपाल द्वितीय व सुरेंद्र तृतीय स्थान पर रहे। पुरुष वर्ग (35 वर्ष से नीचे) तरुण प्रथम, यशमीत द्वितीय व समीर ने तृतीय स्थान हासिल किया। महिला वर्ग (35 वर्ष से नीचे) सरोज प्रथम, यशिका द्वितीय तथा पूजा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में (35 वर्ष से ऊपर) अंजू ने प्रथम, कलावती ने द्वितीय तथा डॉ. सरोज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।